प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

रांची में जल संरक्षण पर केंद्रित सुजलम झारखंड 2026 का भव्य आयोजन हुआ। जल संसाधन विभाग और सस्टेनेबल कॉमर्स फोरम के इस साझा प्रयास में विशेषज्ञों ने जल सुरक्षा की चुनौतियों पर चर्चा की। जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने पानी की बर्बादी रोकने को सबसे बड़ी चुनौती बताया।

वहीं, सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक वी. के. पाण्डेय ने खदानों में जल संचयन के सफल मॉडलों की जानकारी दी।

****

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत छठें युवा संगम का आयोजन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक तालमेल और आपसी समझ को बढ़ाना है। इस पहल के जरिए युवा प्रतिभागी दूसरे राज्यों का दौरा कर वहां की शिक्षा, पर्यटन, नवाचार और समृद्ध विरासत का गहन अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। अब तक 6 हजार से अधिक युवा 130 से ज्यादा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की यात्रा कर चुके हैं।

****

देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति नागरिकों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष मार्च तक राष्ट्रीय पेंशन योजना यानी एनपीएस से जुड़ने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 2 करोड़ 17 लाख के पार पहुंच गई है। वहीं, असंगठित क्षेत्र के लिए शुरू की गई अटल पेंशन योजना ने भी नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके लाभार्थियों की संख्या अब 8 करोड़ 96 लाख से अधिक हो गई है।

****

झारखंड के बहुचर्चित उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में जेल में बंद 168 आरोपियों को बड़ी राहत मिली है। आज रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने सभी आरोपियों की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। अदालत ने प्रत्येक आरोपी को 20–20 हजार रुपये के दो निजी मुचलकों पर जमानत प्रदान की है।

****

आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्षों के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में एक विशेष मैराथन का आयोजन किया गया। साढ़े तीन किलोमीटर की इस दौड़ को प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी और महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने आकाशवाणी की यात्रा और भविष्य के संकल्पों पर अपने विचार साझा किए।

मैराथन में शामिल सभी प्रतिभागियों को पदक और विजेताओं को ट्रॉफियां प्रदान की गईं।

****

जमशेदपुर के कालीमाटी रोड पर कल देर रात भीषण आग लग गयी। यहां बिक्री के लिए खड़ी दो कारें अचानक लगी आग में जलकर पूरी तरह राख हो गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी भीषण थी कि उसने देखते ही देखते दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

सरायकेला–खरसावां की जिला अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अपराधी को कड़ी सजा दी है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह की अदालत ने राजनगर निवासी 24 वर्षीय राज हेंब्रम को 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

****

राज्य के कई जिलों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों में देवघर, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गुमला, जामताड़ा, लातेहार और लोहरदगा के कुछ हिस्सों में गरज और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। खराब मौसम को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों या बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

****